सलाहकार - स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और जिम्मेदारियां:

- राज्य के अधिकारियों, प्रौद्योगिकी भागीदारों एवं अन्य हितधारकों के साथ संपर्क साधना।
- अनुरूपता के लिए एचएमआईएस डेटा की जांच करना एवं डेटा में त्रुटियों के सुधार के लिए राज्यों के साथ अवलोकन करना।
- एचएमआईएस की डेटा रिपोर्टिंग स्थिति का अनुश्रवण करना।
- विभिन्न हितधारकों के लिए सांख्यिकीय संकुल (एस ए एस) का उपयोग कर डेटा विश्लेषण के आधार पर रिपोर्ट संकलन करना।
- एचएमआईएस के विभिन्न पहलुओं जैसे डेटा रिपोर्टिंग प्रारूपों (फोर्मट्स), रिपोर्टों एवं डेटा के उपयोग पर राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
- "भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सक्षम एचएमआईएस पोर्टल" से संबंधित मुद्दों का प्रबंधन।
- मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपा गया कोई भी अन्य कार्य।
- सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए काम करेंगे एवं कार्यस्थल नई दिल्ली होगा। उन्हें देश के भीतर यात्रा करना आवश्यक हो सकता है।

पात्रता:

- स्वास्थ्य प्रबंधन / सांख्यिकी/ लोक स्वास्थ्य / स्वास्थ्य सूचना / सूचना प्रौद्योगिकी में कम से कम स्नातकोत्तर उपाधि / उपाधिपत्र।
- सलाहकार को कम से कम 2 साल का स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन एवं विश्लेषण के कार्य में अनुभव होना चाहिए।

वांछनीय योग्यता:

- डेटा संधारण/ डेटा विश्लेषण में दो वर्ष का अनुभव। एमएस ऑफिस एवं सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर (एसएएस, एसपीएसएस आदि) का कार्यसाधक ज्ञान।
- आरसीएच कार्यक्रम के साथ परिचित होने का लाभ।
- उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय एमआईएस पर कार्य किया हो।
- उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

पारिश्रमिक सीमा: 60,000/- रुपये से 80,000/- रुपये के बीच प्रति माह।

आयु: अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष दिनांक 01/04/2016 तक।

आवेदन दिनांक **10.06.2016** को **अपराह्न 4:00 बजे** तक ई-मेल **consultant.hmis@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।